लोक सभा अध्यक्ष ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

इंदौर, 18 अक्तूबर 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने दशहरा की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं ।

अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा: "दशहरा अथवा विजयदशमी बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की विजय का पर्व है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के नैतिकता और सदाचार के मूल्यों की शक्ति का प्रतीक है और इस शाश्वत सत्य की पुष्टि करता है कि अच्छाई की हमेशा विजय होती है और अंत में बुराई की पराजय होती है। मेरी कामना है कि हम लोग भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लें और न केवल अपनी आंतरिक बुराइयों बल्कि समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने की प्रतिज्ञा करें । आशा करती हूँ कि परंपरागत उत्साह और हर्ष एवं उल्लास से मनाया जाने वाला यह पर्व देश में भाईचारे, साप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करेगा।"